# पेंशन प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित कराएं

टीकमगढ़ जिले में सर्वाधिक पेंशन प्रकरण लंबित रहने पर कमिश्नर ने व्यक्त की नाराजगी, कहा पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए विशेष शिविरों का आयोजन करें

**नवभारत न्यूज**

**सागर 5 जून. कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने सेवा निवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के पेशन प्रकरणों का निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ करने के निर्देश संयुक्त संचालक पेंशन सागर संभाग को दिए हैं।**

कमिश्नर ने कहा है कि सागर संभाग में जितने अविवादित पेंशन प्रकरण हैं। इन सभी पेंशन प्रकरणों का निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ कराएं। कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश दिए है कि वे पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए विशेष शिविरों का आयोजन करें तथा पेंशन प्रकणों का निराकरण



सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ करे। कमिश्नर ने उक्त निर्देश पेंशन विभाग, कोषालय विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यों की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों के वेतन निर्धारण के जो प्रकरण लंबित हैं ऐंसे सभी प्रकरणों का निराकरण तेजी से किया जाए। बैठक में संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा ने कमिश्नर को पेंशन प्रकरणों के निराकरण और वेतन निर्धारण के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी तथा कहा कि अविवादित पेंशन प्रकरणों और वेतन निर्धारण कार्य का समय-सीमा में सुनिश्चित करें।

बैठक में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग द्वारा संचालित निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने निर्देश दिए कि सागर संभाग में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के स्वीकृत कार्यों में लगभग 2834 कार्य अप्रारंभ हैं। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि सभी अप्रारंभ कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराएं तथा अधूरे निर्माण कार्य को तेजी से पूर्ण कराएं। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि सागर संभाग में लगभग 735 कार्य स्वीकृत थे जिनमें से सिर्फ 94 निर्माण कार्य पूर्ण किए गए हैं। यह स्थिति ठीक नहीं हैं। उन्होंने अधीक्षणयंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा को निर्देश दिए कि वे अधूरे निर्माण कार्यों को तेजी से पूर्ण कराएं। बैठक में अधीक्षणयंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा ने बताया कि सागर संभाग में निवाड़ी जिले में जिला पंचायत भवन के निर्माण का कार्य प्रारंभ हो गया है, वहीं सागर संभाग में 12 जनपद पंचायतों के भवनों का निर्माण कार्य भी किया जा रहा है। बैठक में कमिश्नर ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के शेष कार्यों को तेजी से पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि सागर संभाग में जिन पुलियों का निर्माण अधूरा है। इन पुलियों का तेजी से निर्माण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में प्रधानमंत्री सड़क योजना के महाप्रबंधक ने बताया कि सागर संभाग में लगभग 69 सड़कें स्वीकृत हुई थीं जिनमें से 61 सड़कें पूर्ण हो चुकी हैं। उन्होंने बताया कि सड़कों में पुलियों के निर्माण का कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सागर संभाग में मजरा टोला सड़क योजना के तहत 1277 मार्गों का निर्माण को स्वीकृति मिल चुकी है। स्वीकृत निर्माण कार्यों को तेजी से पूर्ण करने की कार्यवाही की जा रही है। बैठक में कमिश्नर ने विधायक निधि, पीएमश्री योजना, सीएम मॉटिन, 15वां वित्त आयोग, जिला खनिज मद, आदिवासी विकास योजना सहित अन्य विकास कार्यों की भी समीक्षा की।

# विवि में पुस्तक समीक्षा कार्यक्रम आयोजित

डॉक्टर अंबेडकर का चिंतन सामाजिक न्याय विकास के लिए है : डॉ रेड्डी

**नवभारत न्यूज**

**सागर 5 जून. डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर में डॉ. अंबेडकर चेयर द्वारा आयोजित कार्यक्रम जिसका विषय पुस्तक समीक्षा था .**

इस अवसर पर डॉ. अम्बेडकर चेयर में डॉ. अंबेडकर के जीवन एवं विचारों पर आयोजित पुस्तक समीक्षा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता डॉ. आर.एस. रेड्डी एसोसिएट प्रोफेसर अर्थशास्त्र के द्वारा कहा गया कि डॉ. अंबेडकर की पुस्तकों से सामाजिक समस्या सामने आती हैं, डॉक्टर अंबेडकर का चिंतन सामाजिक न्याय विकास के लिए है. उन्होंने कहा कि डॉ. अम्बेडकर ने अपनी पुस्तकों के माध्यम से समाज को मानवता का संदेश दिया7 समाज की समस्या को




सामने लाने का कार्य किया. डॉ. देवेंद्र कुमार ने कहा कि डॉ. अंबेडकर की पुस्तक रुपए की समस्या और समाधान विषय पर बोलते हुए कहा कि भारतीय रुपए जिस तेजी से कमजोर हो रहा है एवं .1 - 96 रुपए तक पहुंच गया, जो भारतीय रुपए की मूल गिर रहा है उसे समस्या का समाधान डॉ. अंबेडकर ने अपनी पुस्तक रुपए की समस्या में पूर्व में स्पष्ट किया था और उन्होंने रुपए की मजबूती के लिए में समाधान बताए थे.कार्यक्रम में बालचंद ने रानाडे, जिन्ना और गांधी विषय पर लिखी डॉ. अंबेडकर की पुस्तक की समीक्षा की. प्रो. राजेश गौतम ने कहा कि डॉ. अंबेडकर की पुस्तक ने समाज को दिशा देने का कार्य किया है.कार्यक्रम में डॉ. चिट्टी बाबू, हिमांशु गोयल, डॉ.अभय सिंह, हिमांशु गुप्ता मौजूद थे.

# शादी के नाम पर हुई धोखाधड़ी

**नवभारत न्यूज**

**सागर 5 जून. मोतीनगर थाना क्षेत्र के बिचपुरी गांव के युवक के साथ शादी के नाम पर धोखाधड़ी की गई। युवक से रुपए लेकर युवती को साथ भेजा। लेकिन वह रास्ते में भाग गई। मामले में फरियादी ने थाने पहुंचकर शिकायत की है।**

पीड़ित विनोद साहू निवासी बिचपुरी ने बताया कि खजुरिया में उनके रिश्तेदार रहते है। उन्होंने सिंगरौली में शादी के लिए लड़की होने की बात कही। उन्होंने कहा कि कुछ पैसे खर्च होंगे, लेकिन शादी हो जाएगी। विनोद उनकी बातों में आ गया और शादी के लिए तैयार हो गया। जिसके बाद वह रिश्तेदार के साथ सिंगरौली गया। जहां पर वह बिहारपुरा गांव के पास लड़की से मिला। दलाल ने युवती से सड़क पर मिलवाया। विनोद शादी करने तैयार हो गया। तब दलाल और युवती के परिजन ने कहा कि पैसा दो और लड़की को साथ ले जाओ। हमारे यहां ऐसा ही चलता है। विनोद तैयार हो गया। उसने 35 हजार रुपए युवती के परिजन को दिए। 10 हजार रुपए दलाल को और 5 हजार रुपए अन्य खर्चा हो गए। इस प्रकार 50 हजार रुपए देने के बाद वह युवती को लेकर बाइक से वापस आ रहा था। रास्ते में दोनों नाश्ता करने के लिए रुके। तभी एक बाइक सवार युवक आया और युवती को बैठाकर साथ ले गया।

## यात्रा के लिए आवेदन

**सागर.** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत सागर जिले से हरिद्वार-ऋषिकेश तीर्थ यात्रा के लिए पात्र हितग्राहियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। शासन के निर्देशानुसार जिले को इस यात्रा के लिए 196 यात्रियों का आवंटन प्राप्त हुआ है। यात्रा के लिए आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 5 जुलाई निर्धारित की गई है। संभावित यात्रा प्रारंभ होने की तिथि 19 जुलाई है।

कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर पात्र व्यक्तियों की सूची तैयार की जाए।

# श्मशान घाट की शासकीय भूमि से हटाया कब्जा

**नवभारत न्यूज**

**शाहगढ़ 5 जून. जिला प्रशासन द्वारा शासकीय भूमियों को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई की गई।**

कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के सख्त रुख और स्पष्ट निर्देशों के बाद शाहगढ़ अनुभाग के ग्राम सेमरा रामचंद्र में श्मशान घाट की भूमि पर किए गए अवैध कब्जे को प्रशासनिक अमले द्वारा हटा दिया गया है। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों आयोजित समय-सीमा बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जिले के सभी राजस्व



अधिकारियों को भू-माफियाओं और शासकीय जमीनों पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए थे। शाहगढ़ एसडीएम श्री नवीन सिंह ठाकुर के साथ राजस्व अमले ने ग्राम सेमरा रामचंद्र पहुंचकर श्मशान घाट की आरक्षित शासकीय भूमि का सीमांकन किया और उसे अतिक्रमण मुक्त कराया. कलेक्टर ने निर्देश दिए थे कि सार्वजनिक उपयोग भूमियों, गोचर, नदी-नालों और श्मशान घाट जैसी शासकीय जमीनों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# प्रयासों से परिवार से मिली

**नवभारत न्यूज**

**सागर 5 जून. वन स्टॉप सेंटर 2017 से कार्यरत है जहाँ गत सात वर्षों में साढ़े पांच हजार से अधिक महिलाओं को न्याय दिलाया गया है।**

वन स्टॉप सेंटर प्रशासक रक्षा तिवारी द्वारा बताया गया कि अधिकांश घरेलू हिंसा एवं अन्य हिंसा से पीड़ित महिलाएं वन स्टॉप सेंटर में आती है जिन्हें परामर्श, पुलिस सहायता, विधिक सेवा, चिकित्सा, आश्रय एवं आवश्यकता अनुसार सभी सुविधाएं दी जाती है व पारिवारिक पुर्नवास का प्रयास किया जाता है।



वर्ष 2017 से आज तक साढ़े पाँच हजार मामले आये है जिनमें से साढ़े चार हजार से अधिक घरेलू हिंसा के प्रकरण है ।

जिनमें से ढाई सौ से अधिक महिलाओं को विधिक, सौ से अधिक महिलाओं को चिकित्सा सहायता दी गयी एवं चार हजार से अधिक महिलाओं का पारिवारिक पुनर्वास करवाया गया।

# निजी उर्वरक विक्रेताओं का निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**

**बंडा 5 जून. कृषि विभाग की टीम द्वारा निजी उर्वरक विक्रेता सिंघई कृषि सेवा केंद्र बंडा एवं बड़े बाबा कृषि सेवा केंद्र बंडा का निरीक्षण किया गया।**

निरीक्षण के दौरान दुकानों में संधारित अभिलेखों का परीक्षण किया गया तथा उर्वरक के नमूने लेने की कार्यवाही की गई। पाई गई कमियों की पूर्ति हेतु विक्रेताओं को निर्देशित किया गया। विक्रेताओं को सख्त निर्देश दिए गए कि उर्वरक का विक्रय ई-टोकन के माध्यम से ही करना सुनिश्चित करें एवं शासन द्वारा



निर्धारित दर पर ही विक्रय करें। इससे किसानों को उचित मूल्य पर समय पर खाद उपलब्ध हो सकेगी और कालाबाजारी पर रोक लगेगी। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय कृषि अधिकारी बंडा कुमुद बुनकर, सहायक संचालक कृषि अनिल राय, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी यूएस अहिरवार, मोहिता बड़ोनिया, भरत वंशवर्ती, रीतेश रोहितास उपस्थित रहे।

# मटमैली पांच लीटर शराब जब्त

**नवभारत न्यूज**

**सागर 5 जून. मोतीनगर थाना पुलिस ने अमानक व जहरीली शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से मटमैली और दुर्गंधयुक्त पांच लीटर शराब जब्त की है। आरोपी को थाने लाकर पूछताछ की जा रही है।**

पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि रजौआ रोड पर मंदिर के पास एक संदिग्ध अवैध शराब लेकर खड़ा है और शराब बेच रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम कार्रवाई के लिए रवाना की गई। टीम ने मुखबिर के बतायानुसार स्थान पर पहुंचकर दबिश दी। जहां एक युवक हाथ में पीले रंग की प्लास्टिक की कुप्पी लिए खड़ा दिखाई दिया। पुलिस को देखकर वह भागने लगा। जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी ने नाम धीरज पिता महेश कोरी उम्र 33 वर्ष निवासी आवासी कॉलोनी बाघराज वार्ड होना बताया। आरोपी के कब्जे से बरामद प्लास्टिक की कुप्पी की जांच करने पर उसमें लगभग पांच लीटर मटमैली व दुर्गंधयुक्त हाथ से निर्मित कच्ची शराब बरामद की गई। प्रथम दृष्टया उक्त शराब अमानक व मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक व संभावित रूप से विषैली प्रतीत हुई।

# पूर्व मंत्री ने वेयरहाउस पहुंचकर जानी हकीकत

**नवभारत न्यूज**

**सागर 5 जून. नागरिक आपूर्ति निगम एवं वेयर हाउसिंग कॉरपोरेशन की सांठगांठ से सड़ा-गला एवं अमानक स्तर का गेहूं साईंखेड़ा वेयरहाउस में खपाए जाने की लगातार मिल रही शिकायतों पर पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी ने कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल के साथ साईंखेड़ा वेयरहाउस की हकीकत जानी.**

इस दौरान देखा कि महाराजा स्वयं सहायता समूह तालचिरी सागर से ट्रक क्रमांक एमपी-20-एचबी-4538 से लाया गया गेहूं उतारकर सायलो कैप में रखा जा



रहा था। गेहूं की गुणवत्ता देखने पर पाया गया कि वह निम्न स्तर एवं अमानक गुणवत्ता का था। जिस पर पूर्व मंत्री ने वेयर हाउस में पदस्थ नागरिक आपूर्ति अधिकारी रोहित सिंह बघेल तथा वेयर हाउसिंग कॉरपोरेशन के अधिकारियों के समक्ष आपत्ति दर्ज कराई. उन्होंने नागरिक आपूर्ति निगम,सागर संभाग के क्षेत्रीय संचालक पी.के.अमरोती को पूरे मामले से अवगत कराते हुए निष्पक्ष जांच एवं दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

# 51 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों को पंजीयन केंद्र बनाया

**नवभारत न्यूज**

**सागर 5 जून. ग्रीष्मकालीन फसल मूंग एवं उड़द उपार्जन वर्ष 2026 के लिए खाद्य विभाग के ई-उपार्जन पोर्टल पर किसानों के पंजीयन की अंतिम तिथि 15 जून निर्धारित की गई.**

सागर जिले में ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द फसल के पंजीयन हेतु 51 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों को पंजीयन केंद्र बनाया गया है. इन केंद्रों के माध्यम से किसानों का पंजीयन किया जा रहा है। सागर विकासखंड में कर्रापुर, जेराई, सुर्खी, चतुर्भटा, पिपरिया वैद्य, सनोधा, केरबना तथा विपणन समिति सागर को पंजीयन केंद्र बनाया गया है। इसी प्रकार जैसीनगर विकासखंड में सेमाढाना एवं बिलहरा, खुरई विकासखंड में खजराहरचंद, पथरिया जेगन एवं वारधा, मालथोन में अटाटीला एवं बंगेला तथा राहतगढ़ विकासखंड में सिहोरा एवं राहतगढ़ समितियों को पंजीयन केंद्र के रूप में निर्धारित किया गया है। शाहगढ़ विकासखंड में शाहगढ़ एवं दलपतपुर, रहली विकासखंड में रहली, जूना, चांदपुर, वलेह एवं धनगुमा, बंडा विकासखंड में पटैआ, छापरी, सौरई, विनोका, बरा, पाजनारी एवं मगरधा तथा देवरी विकासखंड में बोरिया, जैतपुर पिपरिया, रिछई, देवरी, गौरझामर, देवरी कला, बरा, डोभी एवं मड़पिपरिया समितियों को पंजीयन केंद्र बनाया गया है। गढ़ाकोटा में भटौली एवं खैरा, बीना में मंडी बामोरा, कंजीया, किर्रवादा एवं भानगढ़ बनाया गया.

## धारा 163 लागू हुई

**ललितपुर.** मुहर्रम पर्व एवं जून-जुलाई माह में प्रस्तावित विभिन्न प्रतियोगी एवं शैक्षणिक परीक्षाओं को देखते हुए जिला प्रशासन ने कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए धारा 163 बीएनएसएस लागू कर दी है। यह आदेश 31 जुलाई तक प्रभावी रहेगा। अपर जिला मजिस्ट्रेट दिनेश कुमार द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि मुहर्रम पर्व के दौरान तथा विभिन्न परीक्षाओं के आयोजन के समय असामाजिक तत्वों द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने अथवा सामाजिक सौहार्द प्रभावित करने की आशंका को देखते हुए प्रतिबंधात्मक आदेश लागू करना आवश्यक है। राजनीतिक दल, संगठन या व्यक्ति को सक्षम अधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना धरना, प्रदर्शन, जुलूस सार्वजनिक आयोजन करने की अनुमति नहीं होगी.

# नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया

**नवभारत न्यूज**

**सागर 5 जून. डॉ. हरीसिंह गौर मुख्य बस स्टैंड, परिसर में व्यावसायिक वाहन चालकों के लिए नेत्र परीक्षण शिविर का सफल आयोजन किया गया।**

वाहन संचालन में दृष्टि की महत्वपूर्ण भूमिका को ध्यान में रखते हुए आयोजित इस शिविर का उद्देश्य उन चालकों को सुविधा उपलब्ध कराना था, जो व्यस्त दिनचर्या के कारण अस्पताल जाकर नियमित नेत्र परीक्षण नहीं करा पाते हैं। पूरे दिन शिविर में वाहन चालकों की भीड़ बनी रही और प्रतिभागियों ने इस पहल को अत्यंत उपयोगी एवं महत्वपूर्ण बताते हुए जिला प्रशासन की सराहना की। शिविर में शासकीय चिकित्सालय के नेत्र रोग विशेषज्ञों द्वारा आवश्यक उपकरणों के साथ कुल 132 वाहन



चालकों की नेत्र जांच की गई। जांच के दौरान 58 चालकों में निकट दृष्टि दोष पाया गया, जिन्हें चश्मा लगाने की सलाह दी गई। वहीं एक मरीज में मोतियाबिंद की शिकायत मिलने पर उसे इंदिरा नेत्र चिकित्सालय रेफर किया गया। कार्यक्रम में नेत्र विशेषज्ञ डॉ. आर.के. खरे, डॉ. वत्सला, डॉ. अशोक अहिरवार, सहायक स्टाफ महेंद्र सेन तथा जिला बस ऑपरेटर एसोसिएशन के पदाधिकारी जयकुमार जैन, हनुमत सिंह, श्री चैतन्य पांडे, सुदीप जैन, राजकुमार ठाकुर, शेख इलियास खान एवं नासिर खान सहित अन्य उपस्थित रहे। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि बस स्टैंड परिसर में चालक-परिचालकों के लिए अग्निशमन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षकों द्वारा अग्निशमन यंत्र के संचालन की जानकारी दी जाएगी।



# कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**

**ललितपुर 5 जून. कलेक्ट्रेट कार्यालय सहित विभिन्न शासकीय विभागों में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने पिछले छह माह से वेतन न मिलने के विरोध में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र भुगतान की मांग की है।**

कर्मचारियों का कहना है कि लगातार वेतन न मिलने से उनके समक्ष गंभीर आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है और परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल हो रहा है। कलेक्ट्रेट परिसर में एकत्रित हुए कर्मचारियों ने जिलाधिकारी को बताया कि वह विभिन्न विभागों में नियमित रूप से अपनी सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन जनवरी 2026 से जून 2026 तक का वेतन अब तक नहीं मिला है। आर्थिक तंगी के बावजूद सभी कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कर रहे हैं, लेकिन लंबे समय से भुगतान लंबित रहने के कारण उनमें असंतोष बढ़ता जा रहा है। ज्ञापन में आह्वान किया कि उनके बकाया वेतन का भुगतान प्राथमिकता के आधार पर कराया जाए।

# नगर निगम के सैडमैप कर्मचारी को स्थापना से अलग करने की मांग

**नवभारत न्यूज**

**सागर 5 जून. नगर निगम नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रांतीय सचिव एवं संभाग प्रभारी राजेश सिंह राजपूत के नेतृत्व में कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों ने स्व. प्रताप मिश्रा के आश्रितोंको को अनुकंपा नियुक्ति एवं उनके स्वत्वों का भुगतान करने महापौर, निगमाध्यक्ष एवं निगमायुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा।**

ज्ञापन में लेख किया गया है कि स्व. प्रताप मिश्रा आपके अधीन नगर पालिक निगम सागर में सेवारत् थे एवं सेवाकाल में ही उनका निधन हो गया निधन



उपरांत उनके आश्रितो द्वारा अनुकंपा नियुक्ति एवं अन्य स्वायित्वों के भुगतान हेतु नियमानुसार आवेदन किये गये है परंतु उन पर कार्यवाही न होने के कारण विभाग से संपर्क करने पर उनको अवगत कराया गया कि स्व. मिश्रा का नियुक्ति आदेश एवं अन्य सेवा संबंधी अभिलेख विभाग में उपलब्ध नही हैं,जिससे उनकी नियुक्ति वैध नहीं है। इस संबंध में स्थापना शाखा में पदस्थ सैडमैप कर्मचारी एस.एस. बघेल द्वारा नस्ती पर किया गया टीपाकंन हास्यास्पद एवं अविवेकपूर्ण है क्योंकि जो कर्मचारी निरंतर सेवा में रहा हो एवं जिसे समस्त प्रकार के हितलाभों का भुगतान किया गया हो उसकी नियुक्ति अवैध कैसे हो सकती है।

यह भी संज्ञान में आया है कि श्री बघेल एवं स्थापना विभाग द्वारा अनावश्यक रूप से कर्मचारियों की नस्ती में अनावश्यक टीपाकंन किया जा रहा है जबकि स्वयं श्री बघेल के सेवा संबंधी अभिलेख 03 वर्ष पश्चात् भी नगर निगम सागर में उपलब्ध न होने से उनकी पदस्थापना भी संदेह के घेरे में आती है। श्री एस.एस. बघेल सेडमेप कर्मचारी है एवं पूर्व में उनके द्वारा स्वयं लिखकर दिया गया है कि कर्मचारी संघ द्वारा उनके विरूद्ध उच्च न्यायाल जबलपुर में याचिका दायर की गयी है जिससे उन्हें कर्मचारियों के संबंध में गठित समिति से पृथक किया जावे इसलिये उनकी भावनाओं का सम्मान करते हुये उन्हे कर्मचारियों से संबंधित समस्त प्रकार के उत्तरदायित्वों से मुक्त किया जाना उचित है। श्री मिश्रा के आश्रितों की अनुकंपा नियुक्ति की जाकर शेष स्वायित्वों का भुगतान किया जावे अन्यथा नपा अधिकारी कर्मचारी संघ प्रदेश स्तर पर आंदोलन के लिये बाध्य होगा।

# समाज उन्नति के लिए अधोसंरचना विकास जरूरी

**नवभारत न्यूज**

**सागर 5 जून. राजीव नगर वार्ड में विधायक निधि से कुशवाहा समाज के सामुदायिक भवन के प्रथम तल निर्माण कार्य का भूमिपूजन विधायक शैलेंद्र जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी एवं नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार द्वारा किया गया। यह निर्माण कार्य विधायक निधि से स्वीकृत 15 लाख रुपये की लागत से कराया जाएगा।**

विधायक श्री जैन ने कहा कि सामुदायिक भवन समाज की सामाजिक, सांस्कृतिक एवं पारिवारिक गतिविधियों का प्रमुख



केंद्र बनेगा। इससे समाज के लोगों को विभिन्न आयोजनों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि सागर नगर में सभी वर्गों और समाजों के लिए अधोसंरचनात्मक विकास कार्य प्राथमिकता के आधार पर किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष जगन्नाथ गुरैया, विक्रम सोनी, मंडल अध्यक्ष श्रीमती नीलम अहिरवार, पार्षद प्रहलाद पटेल, राजेश पटेल, नर्मदा प्रसाद पटेल सहित कुशवाहा समाज के लोग उपस्थित रहे. इस अवसर पर सभी सम्मानित जनों के साथ क्षेत्र के विकास एवं जनहित के कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया गया।